# कार्यालय जिलाधिकारी, जौनपुर

## दिनांकः 09.03.2026 को जनपद में जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता से सम्बन्धित सम्पन्न सम्पूर्ण समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।

दिनांकः 09.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट समागार में अपरान्ह 5:00 बजे जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में निम्न की उपस्थिति रही–

1. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
3. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
4. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेघज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
5. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।
6. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
7. श्री पुष्कर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।

**बैठक की कार्यवृत्ति का विवरण निम्नानुसार है–**

(1). **मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।**

**सम्बन्धित फर्म की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 16793 | 13426 | 870 | 840 | 870 | 743 | 870 | 414 | 869 | 201 | 870 | 469 |
| 2 | वर्तमान में | 16793 | 13552 | 870 | 840 | 870 | 747 | 870 | 536 | 869 | 201 | 870 | 469 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 60 | 79.75 |
| 2 | 31.12.2028 | 47 | 76.10 |
| 3 | 31.12.2028 | 53 | 72.77 |
| 4 | 31.12.2028 | 92 | 70.41 |
| 5 | 31.12.2028 | 129 | 70.67 |
| 6 | 31.12.2028 | 134 | 65.53 |
| 7 | 31.12.2028 | 81 | 55.19 |
| 8 | 31.12.2028 | 101 | 63.64 |
| 9 | 31.12.2028 | 85 | 60.37 |
| 10 | 31.12.2028 | 41 | 56.30 |
| 11 | 31.12.2028 | 47 | 53.13 |
| Total | | 870 | 70.03 |

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री कृपाशंकर सिंह से जानकारी ली गयी कि वर्तमान तक कुल पूर्ण शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष कितनी योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित किया गया है। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि कुल निर्मित 201 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 29 नग पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु पोर्टल पर अपलोड कर सत्यापित कराया गया है। उक्त प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि जिन पाइप पेयजल योजनाओं पर शिरोपरि जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, प्राथमिकता पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित किया जाये।

E.B.

(2). जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनके जिंक एलम टैंक के अनुमति सम्बन्धित पत्राचार के पश्चात् जिंक एलम टैंक लगाये जाने हेतु एजेन्सी मेसर्स मैनीफोल्ड को अनुमति प्राप्त होने पर भी शिरोपरि जलाशय के निर्माण पर अपेक्षित प्रगति न प्राप्त होने पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि 05 अप्रैल, 2026 तक 50 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य अवश्य पूर्ण किया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

**(3). मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।**

**मेसर्स वेलस्पन की कवर एग्रीमेन्टवार योजनाओं की प्रगति निम्नानुसार पायी गयी–**

| क्र. सं. | फर्म का नाम | पाईप लाइन (कि0मी0) | | नलकूप | | पम्प हाउस | | सोलर कार्य (नग) | | अवर जलाशय (नग) | | पम्पिंग प्लाण्ट | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण | | | लक्ष्य | पूर्ण | लक्ष्य | पूर्ण |
| वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | पूर्व में | 7168 | 6091 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 89 | 355 | 212 |
| 2 | वर्तमान में | 7168 | 6683 | 355 | 351 | 355 | 337 | 355 | 217 | 355 | 97 | 355 | 212 |

| Cover Aggrement SNo. | Completion date | DPR | Overall Progess in % |
|---|---|---|---|
| 1 | 31.12.2028 | 118 | 76.40 |
| 2 | 31.12.2028 | 30 | 70.34 |
| 3 | 31.12.2028 | 54 | 70.84 |
| 4 | 31.12.2028 | 3 | 75.44 |
| 5 | 31.12.2028 | 19 | 66.44 |
| 6 | 31.12.2028 | 72 | 68.29 |
| 7 | 31.12.2028 | 44 | 62.71 |
| 8 | 31.12.2028 | 10 | 62.00 |
| 9 | 31.12.2028 | 5 | 57.97 |
| | Total- | 355 | 67.83 |

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0)**

जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री पुष्कर सिंह से जानकारी ली गयी कि निर्मित शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष कितने नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित कर लिया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि 16 नग पाइप पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित कर लिया गया है। उक्त प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति आगामी बैठक से पूर्व शिरोपरि जलाशय निर्मित सभी पेयजल योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण हेतु सम्मिलित करा लिया जाये।

(4) जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नल जल मित्र कार्यक्रम से सम्बन्धित लक्ष्य को दिनांकः 10.03.2026 तक शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं जिला समन्वयक,डी0पी0एम0यू0, जौनपुर)**

(5) जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जल सेवा आकलन हेतु निर्धारित लक्ष्य 132 के सापेक्ष अवशेष ग्राम पंचायतों में जल सेवा आंकलन का कार्य ससमय पूर्ण कर लिया जाये।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं जिला समन्वयक,डी0पी0एम0यू0, जौनपुर)**

(6) जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जल अर्पण कार्यक्रम समयान्तर्गत करा लें तथा कार्यक्रम से सम्बन्धित प्रत्येक योजना पर माननीय अतिथियों से 20 से 25 वृक्षारोपण कराया जाये।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

(7) जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नलकूप निर्मित सभी स्थलों पर पम्प हाउस निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाये, परिलक्षित अन्तर को यथाशीघ्र समाप्त किया जाये।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

(8) जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन डाले जाने में यदि कोई समस्या हो तो अवगत करायें, अन्यथा की दशा में पाइप लाइन डाले जाने का कार्य पूर्ण करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

(9) फर्म द्वारा सोलर लगाये जाने सम्बन्धित कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अत्यन्त रोष व्यक्त किया गया एवं निर्देशित किया गया कि सोलर लगाये जाने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर, नलकूप एवं पम्प हाउस निर्मित सभी पेयजल योजनाओं पर पम्पिंग प्लाण्ट अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कराते हुए अधिक से अधिक पाइप पेयजल योजनाओं पर सीधे पम्पिंग से जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) एवं मेसर्स एफकॉन्स)**

(10) मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण हेतु चयनित फर्म जी0ए0 इन्फ्रा के प्रतिनिधियों द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की प्रत्येक बैठक में प्रतिभाग किया जाये तथा आवंटित सभी पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजना को क्रियाशील किया जाये।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) व मेसर्स जी0ए0 इन्फ्रा)**

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समाप्ति की गयी।

25/03/2026

| | | |
|---|---|---|
| **(ऋषिकेश कुमार)** | **(ध्रुव खाड़िया)** | **(डॉ0 दिनेश चन्द्र)** |
| अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव | मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष | जिलाधिकारी/अध्यक्ष |
| जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, | जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति | जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, |
| जौनपुर | जौनपुर | जौनपुर |

पत्रांकः 435 /जल जी0नि0/ 29 दिनांकः 25/03/2026

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
6. जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, जौनपुर।
7. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0ए0, मेसर्स मेधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, जौनपुर।
8. श्री संदीप दूबे प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जी0ए0 इन्फ्रा, जौनपुर।
9. श्री कृपाशंकर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर, जौनपुर।
10. श्री पुष्कर सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 वेलस्पन कावेरी इन्फ्राप्रोजेक्ट (जे0वी0) जौनपुर।

25/03/2026

**जिलाधिकारी**
जौनपुर